


# चुनाव की भांति सख्ती
# पारदर्शिता से हों बोर्ड परीक्षाएं : कलेक्टर

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 4 फरवरी।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मप्र भोपाल द्वारा हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्ड्री की बोर्ड परीक्षाएं 10 फरवरी से 7 मार्च तक आयोजित की जाएंगी। इसके लिए मुरैना जिले में कुल 76 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन चुनाव की भांति पूर्णत: स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से किया जाए और मंडल द्वारा जारी सभी निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित किया जाए।

**10 फरवरी से होंगी शुरू, जिले में बनाए गए हैं 76 परीक्षा केन्द्र**

कलेक्टर बुधवार को शासकीय उत्कृष्ट उमावि क्र.1 मुरैना में बैठक के दौरान केंद्राध्यक्षों एवं सहायक केंद्राध्यक्षों को निर्देशित कर रहे थे। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी बीएस इंदौलिया, डीपीसी एवं समस्त बीईओ, सभी परीक्षा केंद्रों के केंद्राध्यक्ष एवं सहायक केंद्राध्यक्ष उपस्थित रहे। कलेक्टर ने बताया कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर केंद्राध्यक्ष एवं सहायक केंद्राध्यक्ष के अतिरिक्त एक अधिकारी को कलेक्टर प्रतिनिधि के रूप में तैनात किया जाएगा। प्रश्नपत्र मंडल के निर्देशों के अनुसार निर्धारित समय पर ही थाने से निकाले जाएंगे। यदि किसी कारणवश कलेक्टर प्रतिनिधि थाने तक नहीं पहुंच पाते हैं, तो इसकी सूचना तत्काल सीईओ जिला पंचायत अथवा स्वयं कलेक्टर को दी जाएगी।

उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा के दौरान कलेक्टर प्रतिनिधि के अतिरिक्त किसी भी अधिकारी या कर्मचारी के पास मोबाइल फोन नहीं होना चाहिए। फर्जी परीक्षार्थियों की रोकथाम के लिए प्रवेश पत्रों की सघन जांच करने के निर्देश देते हुए कलेक्टर ने कहा कि क्यूआर कोड स्कैन किया जाए तथा प्रवेश पत्र की फोटो का परीक्षार्थी से मिलान किया जाए। आवश्यकता होने पर परीक्षार्थी से माता-पिता का नाम अथवा अन्य व्यक्तिगत जानकारी पूछकर भी सत्यापन किया जा सकता है।

**100 मीटर की परिधि में बाहरी व्यक्ति का प्रवेश प्रतिबंधित**

उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्र की 100 मीटर की परिधि में किसी भी बाहरी व्यक्ति का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। संवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर बेरिकेडिंग कराई जाएगी। जिस विद्यालय में परीक्षा संचालित हो रही हैए वहां उसी विद्यालय के शिक्षकों की ड्यूटी नहीं लगाई जाए। यथासंभव प्राइमरी एवं मिडिल स्कूल के शिक्षकों को परीक्षा कार्य में लगाया जाए। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि प्रश्नपत्रों के लिफाफे प्रात: 8 .50 बजे से पूर्व न खोले जाएं तथा उत्तर पुस्तिकाएं परीक्षार्थियों को ठीक 8 . 55 बजे ही वितरित की जाएं। प्रश्नपत्र खुलने से लेकर उत्तर पुस्तिकाओं की पैकिंग तक की सम्पूर्ण जिम्मेदारी केंद्राध्यक्ष एवं सहायक केंद्राध्यक्ष की होगी।

# 20 जेसीबी-5 लोडरों से राजघाट पर 3 करोड़ का रेत नष्ट कराया

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 4 फरवरी।** कलेक्टर के निर्देशन तथा एसपी समीर सौरभ के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध निरंतर, सघन एवं प्रभावी संयुक्त कार्यवाही की गई। जिसमें चंबल राजघाट, पिपरई और भानपुर में बुधवार को वन विभाग, पुलिस विभाग, राजस्व विभाग एवं खनिज विभाग की संयुक्त टास्क फोर्स द्वारा कार्यवाही करते हुए लगभग 15 हजार ट्रॉली अवैध चंबल रेत का विनिष्टिकरण किया गया। विनिष्टिकृत रेत का अनुमानित मूल्य 3 करोड़ रुपये बताया गया है।

**फोर्स ने लगातार दूसरे दिन चंबल के राजघाट पर कार्रवाई की**

कलेक्टर द्वारा अवैध रेत उत्खनन को लेकर जिला टास्क फोर्स की बैठक में सख्त निर्देश दिए गए थे कि इस प्रकार की गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु संयुक्त टास्क फोर्स द्वारा निरंतर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। अभियान के दौरान कानून व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस बल की प्रभावी तैनाती रही। रेत विनिष्टिकरण की प्रक्रिया में 20 जेसीबी और 5 लोडरों का उपयोग किया गया। कार्यवाही के दौरान वनमंडलाधिकारी हरिश्चंद्र बघेल के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र डाबर, एसडीएम मुरैना बीएस कुशवाह, जिला खनिज अधिकारी सुखदेव निर्मल, राष्ट्रीय चंबल अभ्यारण्य के एसडीओ सहित संबंधित राजस्व अमला उपस्थित रहा।



# ट्रेन की चपेट में आने से मजदूर की मौत



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 4 फरवरी।** शहर के फाटक बाहर स्थित उत्तमपुरा इलाके में रहने वाले एक मजदूर की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक मजदूरी करने के लिए जा रहा था, इसी दौरान ट्रेक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया। जानकारी के अनुसार

**सिग्नल बस्ती के पास रेलवे ट्रेक पार करते समय हुआ हादसा**

सिहौनिया क्षेत्र के लल्लूबसई गांव निवासी सोनू तोमर 35 पुत्र रामकेश तोमर मुरैना शहर के उत्तमपुरा इलाके में रहता था। परिवार के भरण-पोषण के लिए सोनू मजदूरी का काम करता था। 4 फरवरी की सुबह सोनू घर से मजदूरी करने के लिए निकला था।

इसी दौरान सोनू जब सिग्नल बस्ती के पास रेलवे ट्रेक को क्रॉस कर रहा था। अचानक ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजन को सौंप दिया है। मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

# भारत को सशक्त बनाने हिंदुओं का एकजुट होना जरूरी : बनवारी

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/जौरा, 4 फरवरी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में मंडल बस्ती हिंदू सम्मेलन श्रृंखला के तहत बुधवार

**जौरा खंड के थरा मंडल में हिंदू सम्मेलन आयोजित**

को जौरा खंड के थरा मंडल में हनुमान मंदिर पर हिंदू सम्मेलन का आयोजन हुआ। गौमाता-तुलसी पूजन और भारत माता की पूजा-अर्चना के साथ सम्मेलन का शुभारंभ हुआ।



सर्वप्रथम सुंदरकांड का पाठ एवं भजन कीर्तन का आयोजन हुआ। जिसके बाद संत रामवीरदास महाराज द्वारा आशीर्वाद वचन कहे गए। उन्होंने समस्त हिंदू समाज को एकजुट होकर सनातन धर्म के लिए कार्य करने का संदेश दिया।

मुख्य वक्ता बनवारी लाल ने हिंदू समाज के सामने चुनौतियां एवं आरएसएस के वर्तमान समय में कार्य क्षेत्र पर प्रकाश डाला। उन्होंने भारत को सशक्त बनाने के लिए हिंदू समाज को एकजुट होने की बात कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय पर कुछ ताकतें है जो देश को विखंडित करने के लिए जोर लगा रही हैं, ऐसे समय पर हम सभी को देश के साथ खड़े होने की आवश्यकता है। आने वाली पीढ़ी को हमें जातीय वैमनस्यता एवं क्षेत्रीय और भाषावाद की लड़ाई से मुक्त कर एकजुट करने के लिए कार्य करना होगा।

देश की असली ताकत हिंदुत्व है, हम समस्त हिंदुओं को एक होने की आवश्यकता है। उन्होंने भारत देश के प्राचीन काल से लेकर वर्तमान समय तक की संघर्ष गाथाओं को विस्तार से समझाया उन्होंने कहा कि हिंदू अपने गौरव को भूल गया है। हिंदू जब जागृत होगा तो देश स्वत: ही हिंदू राष्ट्र बन जाएगा।

उन्होंने समरसता, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी, पर्यावरण, नागरिक शिष्टाचार, पंच परिवर्तन पर भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर आरएसएस के धर्म जागरण विभाग के संयोजक सुनील शर्मा, संजय शर्मा, पुरुषोत्तम कुशवाह, रुद्रांश दुबे सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे उपस्थित थे।

## एक नजर में

### पत्थर का अवैध परिवहन करते ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त, ड्राईवर गिरफ्तार



**मुरैना, 4 फरवरी।** रिठौरा थाना पुलिस ने बुधवार को पत्थर का अवैध रूप से परिवहन कर रहे एक ट्रेक्टर-ट्रॉली को पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पत्थर का अवैध रूप से परिवहन कर रहे ट्रेक्टर-ट्रॉली को बटेश्वरा मंदिर के पास से जब्त किया गया। पुलिस ने ड्राईवर को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध खनिज अधिनियम की धाराओं में अपराध दर्ज कर लिया है। कार्रवाई में एसआई संतोषबाबू गौतम, प्रधान आरक्षक राजकुमार सिंह, अरुण सिंह, सुरेन्द्र सिंह, महेन्द्र सिंह, केशव सिंह, इंद्रजीत सिंह, योगेन्द्र सिंह, मंगल सिंह, मीरेन्द्र सिंह, रामेश्वर सिंह, आर. चालक रहीमुद्दीन खान शामिल थे।

### टेंटरा पुलिस ने पकड़े पत्थर से भरे ट्रेक्टर-ट्रॉली



टेंटरा थाना प्रभारी एसआई पारथ सिंह परिहार ने अपनी टीम के साथ मिलकर ग्राम गजाधर का पुरा में भैंरोबाबा मंदिर के सामने सबलगढ़ -टेंटरा रोड से पत्थर का अवैध रूप से परिवहन कर रहे एक ट्रेक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। ड्राईवर को गिरफ्तार कर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। कार्रवाई में एसआई पारथ सिंह परिहार, प्र.आर. सुग्रीव सिंह, आरक्षक राकेश मीणा, भीमराज, राकेश, प्रदीप शर्मा आदि शामिल थे।

### सांवरिया सेठ की तीसरी वर्षगांठ पर भजन संध्या ओर प्रसाद वितरण



**सबलगढ़।** नगर की कृषि उपज मंडी में स्थिति मां चामुंडा ओर सांवरिया सेठ के मंदिर पर आज गुरुवार 5 फरवरी को भजन संध्या ओर अन्नकूट प्रसाद वितरण का कार्यक्रम रखा गया है। कृषि उपज मंडी प्रांगण में आज के ही दिन तीन वर्ष पहले सांवरिया सेठ जी की मूर्ति की स्थापना भक्त गणों द्वारा की गई थी जिसके उपलक्ष्य में सभी धर्म प्रेमी जनता के लिए भजन संध्या ओर शाम 4 बजे से अन्नकूट प्रसाद वितरण का कार्यक्रम रखा गया है सभी धर्म प्रेमी जनता सांवरिया सेठ के दर्शन कर भजन संध्या में भाग लेकर अन्नकूट प्रसाद ग्रहण करे।




### महिलाएं को बताए कैंसर के लक्षण एवं बचाव के उपाय

**मुरैना।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर समाजसेवी संस्था इनर व्हील क्लब के तत्वावधान में शहर के एक निजी अस्पताल में कैंसर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को समय रहते कैंसर की बीमारी की पहचान और बचाव के प्रति जागरुक बनाना था। जागरुकता कार्यक्रम में क्लब की सदस्य डॉ. दीक्षा गुप्ता ने महिलाओं को स्तन कैंसर को लेकर जानकारी दी और बचाव के तरीके बताए। डॉ. सुधा माहेश्वरी ने महिलाओं में पाए जाने वाले सर्वाइकल कैंसर के कारण, लक्षण एवं इसकी रोकथाम और बचाव के बारे में विस्तार से समझाया। इस मौके पर क्लब की अध्यक्ष श्वेता माहेश्वरी, सुमन भदौरिया, स्वाति मंगल, अंजली जैन सहित क्लब की सदस्य और बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

# एनएसएस स्वयंसेवकों ने निकाली कैंसर-एड्स जागरुकता रैली

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/जौरा, 4 फरवरी।** शासकीय महाविद्यालय जौरा की एनएसएस इकाई द्वारा गोद लिए गए गांव भोपतपुर के शासकीय विद्यालय में 2 फरवरी से 8 फरवरी तक विशेष शिविर का

**शासकीय महाविद्यालय की जौरा इकाई ने किया आयोजन**

आयोजन किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य महाविद्यालय के छात्रों को सामुदायिक सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व विकास और सामाजिक सेवा करने हेतु प्रेरित करना है, उनमें सामाजिक जिम्मेदारी और नेतृत्व के गुण विकसित करने के साथ साक्षरता, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य और स्वच्छता जैसे कार्यों में सहभागिता किया जाना है।




इसी क्रम में 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर स्वयंसेवकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए स्वास्थ्य जागरूकता संगोष्ठी आयोजित की गई। गतिविधि में सिविल हॉस्पिटल जौरा, आईसीटीसी के परामर्शदाता संदीप सेंगर मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में उपस्थित थे। इनके अलावा बुरावली के सचिव ओमप्रकाश सिंह कंषाना, अजय जाटव, सहायक प्राध्यापक राजेंद्र शर्मा सहित एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी विनोद सिंह कुशवाह, प्रो. डॉ. नीलम राजपूत, डॉ. सुधीर कुमार पाठक, डॉ. यदुनंदन प्रसाद उपाध्याय सहित रोजगार सहायक दीपक प्रजापति एवं एनएसएस के स्वयंसेवक छात्र-छात्राएं मौजूद थे। कार्यक्रम में उपस्थित परामर्शदाता संदीप सेंगर ने छात्र-छात्राओं को कैंसर के प्रमुख लक्षणों को बताते हुए कहा कि किसी व्यक्ति का बिना किसी ठोस कारण से अगर वजन कम होता जा रहा है, उसे थकान व कमजोरी रहती है, शरीर में असमान्य गांठेए त्वचा के रंग में बदलाव आवाज में बदलाव आदि लक्षण होते दिखाई देते हैं तो कहीं ना कहीं उन्हें कैंसर जैसी गंभीर बीमारी हो सकती है। उन्हें तुरंत किसी नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में अपने स्वास्थ्य की जांच कर लेनी चाहिए।

इस अवसर पर उनके द्वारा एचआईवी एड्स के लक्षण एवं बचाव के बारे में भी जानकारी दी गई इस अवसर पर सचिव ओमप्रकाश सिंह कंसाना एवं कार्यक्रम अधिकारी श्री विनोद सिंह कुशवाह प्रोफेसर नीलम राजपूत द्वारा भी छात्र.छात्राओं को अपने.अपने उद्बोधन के माध्यम से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया तदुपरांत उपस्थित लोगों के द्वारा ग्राम वासियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने एवं उन्हें एचआईवी एड्स कैंसर टीवी आदि के प्रति उनकी जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें कुं. श्वेता डागर, लवली तोमर, शिल्पी शर्मा, निधि शर्मा, कृष्णा जाटव, गिरीश कुमार, ज्योति कुशवाह, गुनगुन प्रजापति, प्रिया तोमर, निकिता रजक, सत्यम पाराशर, सोहेल भारद्वाज, अनार सिंह, शिवम, गिरिराज कुशवाह, संजना जाटव, रवीना जाटव, कोमल शाक्य आदि छात्र-छात्राओं द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए ग्राम वासियों को जागरूक किया ।

## तुस्सीपुरा में फांसी लगाकर युवक ने खुदकुशी की

**मुरैना, 4 फरवरी।** स्टेशन रोड थाना क्षेत्र के अंतर्गत तुस्सीपुरा में रहने वाले एक युवक ने मंगलवार की रात को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि राहुल माहौर 25 पुत्र माखन माहौर नि. आनंद नगर तुस्सीपुरा मोटर बाईडिंग, कूलर-पंखा मरम्मत का काम किया करता था। मंगलवार की रात को जब राहुल अपने घर में था। तभी अज्ञात कारणों के चलते उसे रस्सी का फंदा बनाकर खुदकुशी कर ली। बुधवार की सुबह परिजन की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचीं और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

# 1.60 लाख की 35 पेटी शराब से भरी एक्सयूवी जब्त, 2 गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 4 फरवरी।** महिन्द्रा एक्सयूवी कार में शराब की तस्करी करते हुए दो युवकों को बानमोर पुलिस ने गिरफ्तार किया

**बानमोर पुलिस की कार्रवाई, ग्वालियर से मुरैना ले जा रहे थे शराब**

है। पुलिस ने कार से देशी शराब की 35 पेटियां जब्त कीं है। जिसका बाजारू मूल्य 1 लाख 60 हजार आंका गया है।



जानकारी के अनुसार बानमोर थाना प्रभारी निरीक्षक दीपेन्द्र सिंह यादव को सूचना मिली कि तस्कर ग्वालियर से महिन्द्रा एक्सयूवी कार में शराब की बड़ी खेप लेकर एनएच-44 हाईवे से गुजरने वाले है। पुलिस टीम ने हाईवे पर चैक पॉइंट लगाकर वाहनों की चैकिंग शुरू की। इसी दौरान जांच के लिए पुलिस ने महिन्द्रा एक्सयूवी क्रं. एमपी07-सीबी-5744 को रोका। जांच के दौरान पुलिस ने कार से देशी शराब की 35 पेटियां बरामद की। पुलिस ने कार में सवार ओमदत्त शर्मा पुत्र लखनलाल नि. ग्वालियर और विजय जादौन नि. लाल टिपारा मुरार ग्वालियर को गिरफ्तार कर शराब सहित कार को जब्त कर लिया। जब्त की गई शराब की कीमत 1 लाख 60 हजार रूपये आंकी गई है।

पुलिस ने दोनों युवकों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धाराओं में अपराध दर्ज कर लिया है। कार्रवाई में निरीक्षक दीपेन्द्र सिंह यादव, एसआई यशपाल सिंह बरौनिया, प्र.आर. राजकुमार सिंह, आरक्षक सुनील यादव, आकाश बाथम, अवकाश जाट, विपिन यादव शामिल थे।

# रानपुर के ग्रामीण पटवारी के रवैये से परेशान, हटाने की मांग

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/अंबाह, पोरसा 4 फरवरी।** तहसील अंबाह के

**जनसुनवाई में कलेक्टर से की शिकायत, लगाए आरोप**

रानपुर हलका पटवारी अर्पिता नगरिया की कार्यप्रणाली से ग्रामीण परेशान है। हलका पर नियमित रूप से न पहुंचनें के कारण ग्रामीणों को राजस्व से संबंधित कार्यों के लिए परेशानी का सामना करना पड़ता है।

यह बात रानपुर हलका के ग्रामीणों ने मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर के नाम दिए गए शिकायती आवेदन में कही है।

शिकायती आवेदन में ग्रामीणों ने बताया है कि पटवारी अर्पिता के नियमित रूप से उपस्थित न रहने की वजह से नामांतरण, बंटवारा सहित भूमि से जुड़े विभिन्न कार्य लंबे समय तक लंबित पड़े रहते है। ग्रामीणों का कहना है कि मोबाइल फोन पर संपर्क करने पर पटवारी द्वारा कॉल रिसीव नहीं की जाती।

अपने कार्यों को कराने ग्रामीण तहसील सहित अन्य अपेक्षित स्थानो पर पहुंचते है, लेकिन वहां भी उन्हें पटवारी मौजूद नहीं मिलती। ऐसे में ग्रामीणों को सीमांकन, रिकॉर्ड संबंधित जानकारी, नामांतरण, ईडब्ल्यूएस सहित अन्य आवश्यक कार्यों पर पटवारी की टीम लगाने और हस्ताक्षर कराने के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि 20 जनवरी को भी उनके द्वारा एसडीएम अंबाह को शिकायती आवेदन दिया गया था। लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं हुई है।

ग्रामीणों ने रानपुर हलका पटवारी को शीघ्र हटाकर किसी अन्य पटवारी को नियुक्त करने की मांग की है। आवेदन सौंपने वालों में प्रवेशस शर्मा, रामदास, सुनील दीक्षित, राजकिशोर, बृजनंदन, लवकुश, शुभम शर्मा आदि शामिल थे।

**आम सूचना**

श्रीमती बादामी दोनेरिया पत्नी श्री विनोद के स्वत्व व स्वामित्व एवं आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, स्थित पी.एम.एस.जी.वाय. रोड से दूर, ग्राम भौंडेरी, तहसील व जिला मुरैना (म.प्र.) है जो नगर पालिका निगम मुरैना वार्ड क्र.43 (राजगुरू वार्ड भाँडेरी) में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.519 ग्राम भौंडेरी है एवं जिसका क्षेत्रफल 900 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:- पूर्व में रास्ता 20 फुट चौड़ा, पश्चिम में-भूमि विक्रेता, उत्तर में भूमि विक्रेता एवं दक्षिण में भूखण्ड संदीप जाटव, दीपक जाटव, राहुल जाटव है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्रीमती लाडो पत्नी स्व. श्री देवी सिंह, श्री राम सिंह पुत्र श्री गणेशा, श्री रामाख्त्यार सिंह, श्री द्वारिका सिंह, श्री हरिकंठ सिंह पुत्रगण स्व. श्री देवी सिंह के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री राम सिंह का स्वर्गवास हो जाने के उपरांत, उनके उत्तराधिकारी श्री महेन्द्र सिंह, श्री रामौतार, श्री भागीरथ, श्री शत्रुघन, श्री वीरेन्द्र पुत्रगण स्व. श्री राम सिंह, सिराबेटी, रामायणी पुत्रियां स्व. श्री राम सिंह उनकी सम्पत्ति के मालिक हुये एवं भू-राजस्व रिकॉर्ड में अपना नाम इंद्राज कराया गया। श्रीमती सियाबेटी द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती बादामी दोनेरिया पत्नी श्री विनोद को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी27आईजीआर 17912025 ए100962711 दिनांक 28.10.2025 से विक्रय की गई। श्रीमती बादामी दोनेरिया द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान सेवा गृह ऋण लि. ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को एवं श्री राम सिंह के अन्य उत्तराधिकारियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो ।

**प्रेषक**
**नीरज जैन, एडवोकेट**
**कार्या. भवन क्र.52, कैलाश विहार,**
**फैडरल बैंक के पास**
**सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)**
**मो.नं. 98276-72710**